# अंतिम उपाय के स्थान

## NEIGHBOURHOOD SAFER PLACES - NSP
## (पड़ोस के सुरक्षित स्थान)

- बुशफायर के दौरान लोगों के लिए अंतिम उपाय के स्थान होते हैं। यदि आपके 'Bush Fire Survival Plan' (बुशफायर जीवन-रक्षा योजना) में किसी भी अन्य विकल्प को लागू नहीं किया जा सकता है, तो वे अंतिम उपाय होते हैं।

***www.rfs.nsw.gov.au*** से एक ***'Bush Fire Survival Plan'*** डाउनलोड करें



### अंतिम उपाय के स्थान

- ☐ यदि इलाके को छोड़कर जाना या पीछे रहकर अपनी संपत्ति की सुरक्षा करना असुरक्षित हो, और यदि रास्ता साफ हो, तो बुशफायर का प्रभाव पड़ने से पहले आपको अपने पहले से ही निर्धारित किए गए NSP, या किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए।
- ☐ इस बात का ध्यान रखें कि जब आप अपने NSP की ओर जा रहे/रही हों, तब गहरा धुआँ और कम दृश्यता हो सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि आप क्षेत्र से परिचित हों।
- ☐ NSP के स्थान पर एकत्र हों और जबतक बुशफायर का खतरा टल न जाए, तबतक वहीं रहें।
- ☐ NSP पर स्थिति आरामदायक नहीं हो सकती है और आप धुएं और चिंगारियों से प्रभावित हो सकते/सकती हैं।
- ☐ NSP पर पानी, शौचालय और भोजन उपलब्ध नहीं हो सकता है और आपातकालीन सेवाकर्मी उपस्थित नहीं हो सकते हैं।
- ☐ विशिष्ट आवश्यकताओं वाले लोगों, जैसे बुजुर्गों और विकलांग लोगों को हमेशा आग के खतरे से पहले छोड़कर निकल जाना चाहिए।
- ☐ NSP में पालतू जानवर और पशु नहीं ले जाए जा सकते हैं।
- ☐ आपका सबसे सुरक्षित विकल्प हमेशा जल्दी छोड़कर निकल जाना ही होगा।




### आपके इलाके में किसी आग के पहुँचने से काफी पहले:

- ☐ अपने स्थानीय क्षेत्र में NSP के स्थानों से अवगत रहें। वेबसाइट www.rfs.nsw.gov.au देखें।
- ☐ अपने 'Bush Fire Survival Plan' में अपनी सम्पत्ति के समीप के किसी NSP को नोट करें।
- ☐ हमेशा ये याद रखें कि इन क्षेत्रों की पहचान अंतिम उपाय के एक स्थान के रूप में की गई है।
- ☐ यदि कोई भी NSP उपलब्ध नहीं है, तो आपको अपने 'Bush Fire Survival Plan' में अन्य सुरक्षित स्थानों की पहचान करनी चाहिए।
- ☐ अन्य सुरक्षित स्थानों में एक निकट का अच्छी तरह से तैयार घर, एक शॉपिंग सेंटर, एक ओवल आदि शामिल हैं जो बुश से दूर हों।
- ☐ अपने NSP के लिए सबसे सुरक्षित और किन्हीं भी अन्य वैकल्पिक मार्गों के बारे में जानकारी रखें।

*'Neighbourhood Safer Places' आपकी सुरक्षा की गारंटी नहीं देते हैं।*

*बुशफायर के शुरू होने की सँभावना वाले इलाकों को छोड़कर निकलना हमेशा सबसे सुरक्षित विकल्प होता है।*

Interpreter 131450

PREPARE. ACT. SURVIVE. | BUSH FIRE INFORMATION LINE | 1800 679 737

© State of New South Wales through the NSW RURAL FIRE SERVICE 2013. E1